**Regional Language - Hindi**

**आवेदन कैसे करें** (ऑनलाईन आवेदन प्रक्रिया) - हिंदी

**चरण-दर-चरण प्रक्रिया**:

1. **आधार से लिंक किया गया मोबाईल नंबर**:

   सुनिश्चित करें कि आपका नवीनतम मोबाईल नंबर आपके आधार से लिंक किया गया है, क्योंकि पंजीकरण के दौरान इसे ओटीपी के माध्यम से सत्यापित किया जाएगा।

2. **आधार में नवीनतम फ़ोटोग्राफ़**

   ई-आधार या ऑफ़लाईन आधार XML डाउनलोड करने से पहले आधार में अपनी नवीनतम फ़ोटोग्राफ़ अपडेट करें। अभ्यर्थी के आवेदन को स्वीकृत करते समय रजिस्ट्रार प्रयोक्ता द्वारा इसका सत्यापन किया जाएगा।

3. **ऑफ़लाईन आधार XML फ़ाइल डाउनलोड करें**

   https://myaadhaar.uidai.gov.in/offline-ekyc पर जाएँ, अपना ऑफ़लाईन आधार XML जनरेट करें, और अपनी पसंद का "शेयर कोड" सेट करें।

4. **नया प्रयोक्ता बनाएँ**

   https://uidai.nseitexams.com/UIDAI/LoginAction_input.action पर जाएँ, अपनी ऑफ़लाईन आधार XML फ़ाइल अपलोड करें, शेयर कोड और मोबाईल नंबर (आधार के अनुसार) दर्ज करें, और पंजीकरण पूरा करें।

5. **ओटीपी सत्यापन और सहमति**

   आधार और मोबाईल सत्यापन सफल होने पर, आपके मोबाईल नंबर पर एक ओटीपी भेजा जाएगा। परीक्षा के लिए अपने आधार डेटा के उपयोग हेतु सहमति प्रदान करने के लिए ओटीपी दर्ज करें।

6. **पंजीकरण क्रेडेंशियल प्राप्त करें**

   पंजीकरण आईडी और डिफ़ॉल्ट पासवर्ड आपके पंजीकृत मोबाईल नंबर और ईमेल पर भेजे जाएँगे। पहली बार लॉगिन करते समय पासवर्ड बदलें और भविष्य में उपयोग के लिए अपने क्रेडेंशियल सुरक्षित कर लें।

7. **आवेदन पत्र भरें और जमा करें**
   - अपनी पंजीकरण आईडी और नए पासवर्ड के साथ लॉगिन करें
   - पहले से भरे गए आधार विवरण सत्यापित करें
   - दर्ज करें: शिक्षा विवरण, परीक्षा स्तर, परीक्षा भाषा, नामांकन एजेंसी कोड, रजिस्ट्रार कोड, पसंदीदा परीक्षा केंद्र विवरण और एलएमएस विवरण
   - अपलोड करें: शैक्षिक और एलएमएस दस्तावेज़
   - भरें: प्रश्नावली अनुभाग
   - संबंधित रजिस्ट्रार द्वारा अनुमोदन के लिए आवेदन जमा करें

8. **रजिस्ट्रार अनुमोदन समय-सीमा**
    - आवेदन 30 दिनों के भीतर स्वीकृत होना चाहिए, अन्यथा इसे स्वचालित-अस्वीकृत कर दिया जाएगा।
    - यदि किसी अभ्यर्थी का आवेदन एक ही रजिस्ट्रार द्वारा तीन बार अस्वीकृत कर दिया जाता है, तो अभ्यर्थी को उस रजिस्ट्रार को दोबारा चुनने की अनुमति नहीं दी जाएगी।

9. **भुगतान करें**
   अनुमोदन के बाद, अभ्यर्थी को "भुगतान" टैब के माध्यम से 30 दिनों के भीतर भुगतान करना होगा। ऐसा न करने पर स्वचालित-अस्वीकृत कर दिया जाएगा।

10. **भुगतान के तरीके**:
    - ऑनलाईन: यूपीआई, क्रेडिट/डेबिट कार्ड, नेट बैंकिंग
    - पहले से ही किया गया भुगतान: उन अभ्यर्थियों के लिए जिन्होंने रजिस्ट्रार/ईए के माध्यम से ऑफ़लाईन भुगतान किया है

11. **भुगतान रसीद डाउनलोड करें**
    भुगतान सफल होने के बाद, भुगतान रसीद डाउनलोड करें और उसे सुरक्षित कर लें।

12. **मॉक परीक्षा और स्लॉट बुकिंग**
    - परीक्षा इंटरफ़ेस से परिचित होने के लिए मॉक परीक्षा दें
    - सीट बुकिंग पृष्ठ पर जाएँ और अपना परीक्षा केंद्र एवं परीक्षा स्लॉट चुनें

13. **परीक्षा स्लॉट की वैधता**
    सफल भुगतान की तिथि से 180 दिनों के भीतर परीक्षा आयोजित की जानी चाहिए। ऐसा न करने पर स्वचालित-अस्वीकृति हो जाएगी और शुल्क जब्त कर लिया जाएगा।

14. **स्वचालित-अस्वीकृति से निपटना**
    स्वचालित-अस्वीकृति की स्थिति में, उम्मीदवार को नया आवेदन जमा करके पुनः आवेदन करना होगा, अनुमोदन प्राप्त करना होगा और नया भुगतान करना होगा।

15. **प्रवेश पत्र डाउनलोड करें**
    - स्लॉट बुकिंग सफल होने के बाद, अपना प्रवेश पत्र डाउनलोड करें जिसमें शामिल हैं:
    - परीक्षा केंद्र का विवरण
    - परीक्षा तिथि और समय
    - अन्य महत्वपूर्ण निर्देश

16. **यदि पसंदीदा स्थान पर कोई स्लॉट उपलब्ध नहीं है, तो नीचे दिए गए निर्देशों पर विचार करें**:
    - सफल भुगतान के बाद 7 दिनों तक प्रतीक्षा करें
    - यदि स्लॉट अभी भी उपलब्ध नहीं हैं, तो ईमेल करें: uidai_admin@nseit.com
    - यदि समस्या का समाधान नहीं होता है, तो यूआईडीएआई मुख्यालय - प्रशिक्षण, परीक्षण और प्रमाणन प्रभाग को आगे बढ़ाएँ

17. यदि कोई अभ्यर्थी परीक्षा में अनुत्तीर्ण होता है या अनुपस्थित रहता है और उसकी प्राधिकरण अवधि समाप्त हो गई है, तो उसे नया आवेदन पत्र जमा करके पुनः आवेदन करना होगा।
नोट: प्राधिकरण अवधि रजिस्ट्रार की स्वीकृति की तिथि से शुरू होकर 30 दिनों की अवधि की होती है।

18. रजिस्ट्रार की स्वीकृति के 30 दिनों के भीतर अभ्यर्थियों को परीक्षा में उपस्थित होना होगा। यदि अवधि समाप्त होने के बाद अनुत्तीर्ण होते हैं या अनुपस्थित रहते हैं, तो नया आवेदन जमा करना होगा।

19. **अनुत्तीर्ण और अनुपस्थित अभ्यर्थियों के लिए पुनः प्रयास नियम**
    - आधे शुल्क के साथ 3 पुनः प्रयास की अनुमति
    - 3 प्रयासों के बाद, पूरा शुल्क फिर से लिया जाएगा
    - प्रत्येक नए प्रमाणन प्रयास के लिए यह चक्र दोहराया जाता है

20. **कोई धनवापसी नहीं-नीति**

    एक बार भुगतान किया गया शुल्क वापस नहीं किया जा सकता। भुगतान विफल होने की स्थिति में, संपर्क करें: uidai_admin@nseit.com

21. **शुल्क वैधता**
    प्रमाणन शुल्क भुगतान की तिथि से 180 दिनों के लिए मान्य है।

22. **परीक्षा के दिन आवश्यक दस्तावेज़**

1. अभ्यर्थियों को ये साथ लाने होंगे:
   नवीनतम फ़ोटो सहित अपने ई-आधार की नवीनतम प्रति (https://myaadhaar.uidai.gov.in/genricDownloadAadhaar/en से डाउनलोड की गई) या mआधार/आधार पीवीसी कार्ड या आधार पत्र

2. पोर्टल के अंतर्गत प्रदर्शित प्रवेश पत्र
   नोट: फ़ोटो में विसंगति या प्रवेश पत्र की अनुपलब्धता की स्थिति में, अभ्यर्थी को अयोग्य घोषित कर दिया जाएगा।

23. **सहायता**

"पंजीकरण, आवेदन पत्र जमा करना, परीक्षा शुल्क, परीक्षा केंद्र/परीक्षा स्लॉट और परीक्षण एवं प्रमाणन आवेदन" से संबंधित किसी भी प्रश्न के लिए, अभ्यर्थी नीचे दिए गए नंबर पर संपर्क कर सकते हैं:

**टेलीफ़ोन नंबर** - 022-42706508

**समय** - (सोमवार-शनिवार, सुबह 9:30 बजे से शाम 6:00 बजे तक)

**ईमेल** - uidai_admin@nseit.com

**यूआईडीएआई सहायता (प्रमाणन पश्चात)**

"निष्क्रियता, प्रमाण पत्र में नाम/यूआईडी/आधार संख्या का मिलान न होना" से संबंधित किसी भी समस्या के लिए, अभ्यर्थी नीचे दिए गए नंबर पर संपर्क कर सकते हैं:

- टोल-फ्री: 080-23099400

**समय: सुबह 9:30 बजे से शाम 6:00 बजे तक (सोमवार-शनिवार)**

अभ्यर्थी techsupport@uidai.net.in पर भी अपने प्रश्न भेज सकते हैं